वंदना श्री के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

चंदौसी में संजीवनी वाटिका में जन्माष्टमी पर हुए कार्यक्रम में नृत्य करते कलाकार व महिलाएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार व संजीवनी वाटिका की ओर से हुआ कार्यक्रम

चंदौसी। रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार व संजीवनी वाटिका की ओर से गांव आटा में संजीवनी वाटिका में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आओ जी पधारो मोरे श्याम कार्यक्रम में वंदनाश्री के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भजन, रसिया, रासलीला के गीतों से माहौल पूरी तरह से वृंदावन जैसा हो गया।

रविवार की रात श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मथुरा से आई गायिका वंदनाश्री ने कान्हा मोर बन आयो रसिया मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकारों ने भजन छोटो सो लड्डू गोपाल, होली खेलन बसाने में आयो नटवर नंद किशोर, सरारारा मेरे दहिया पी गयो, गीतों पर नृत्य किया।

इस दौरान भारी भीड़ रही। माखन, मीठे का प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम के आखिर में आरती की गई। आरती में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी, कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक अंकित जैन, ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह, पूर्व एमएलसी परेश्वरलाल सैनी, अनुराग मित्तल, अमित अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अतुल गोयल, विनीत अग्रवाल, नीरज चौधरी, आदि रहे।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब चंदौसी, रोटरी क्लब बबराला गंगा, रोटरी क्लब चंदौसी भारत, रोटरी क्लब अमन, रोटरी पूर्वांचल, रोटरी बहजोई, रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टॉर्स, रोटरी क्लब संभल, रोटरी क्लब मिडटाउन, इनरव्हील क्लब चंदौसी, इनर व्हील क्लब सिटी स्टर, आईएमए चंदौसी, लायंस क्लब, जायंटस ग्रुप चंदौसी आदि के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।